मेरे मन में बसे हो

मेरे मन में बसे हो मेरे तन में बसे हो
रोम रोम में तुम्हारा साईं नाम है
मुझे प्राणों से प्यारा तेरा नाम है,

ओ कभी मुझसे न साईं मुख मोड़ना
मुझे लागी भवर में न छोड़ना
मेरी साँसों के तार साईं ढूंढे तेरा प्यार
तू ही मोहन मेरा तू ही श्याम है
मुझे प्राणों से प्यारा तेरा नाम है,

बसे दिल में क्यों अखियो से दूर हो
मेरी नजरो का तुम ही सरुर हो
तेरी गूंजे जय जय कार केवल बना सेवा दार,
झूठी दुनिया से मुझको क्या काम है
मुझे प्राणों से प्यारा तेरा नाम है,

हो मेरी धड़कन में तुम हो समाये
प्रीत बन के जिगर में हो छाए,
मेरी सुन ;लो पुकार साईं आई तेरे द्वार,
तेरे चरणों में साईं प्रणाम है
मुझे प्राणों से प्यारा तेरा नाम है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20565/title/mere-man-me-base-ho-mere-tan-me-base-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |